

# स्कूलों में पढ़ाई के साथ सिखाएं जीवन कौशल

नवभारत न्यूज

**गुना. गावरी गांव में शुक्रवार को उस समय प्रशासनिक हलचल बढ़ गई जब कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल अचानक निमार्णाधीन आंगनबाड़ी भवन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और आयुष्मान आरोग्य मंदिर का जायजा लेने पहुंचे.**

उन्होंने मौके पर पहुंचकर शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी. निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार पर अधिकारियों को हिदायत देते हुए उन्होंने समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण काम पूरा करने के कड़े निर्देश दिए. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गावरी में कलेक्टर जब कक्षाओं में पहुंचे, तो उन्होंने सीधे विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया. उन्होंने बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति और पसंदीदा विषयों के बारे में पूछा, जिस पर अधिकांश विद्यार्थियों ने विज्ञान में अपनी विशेष रुचि जताई. कलेक्टर ने शिक्षकों को एक अनोखा नवाचार अपनाने का सुझाव देते हुए कहा कि प्रतिदिन कक्षा शुरू होने से पहले 5 मिनट बच्चों को जीवनोपयोगी जानकारी, प्रेरक प्रसंग, जरूरी हेल्पलाइन नंबर और सामान्य ज्ञान की बातें बताएं. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता का असली मूलमंत्र निरंतर अभ्यास और नियमित रिवीजन है, इसलिए इन सीखों को अपने जीवन में उतारें.

कलेक्टर ने सबसे पहले निमार्णाधीन आंगनबाड़ी भवन की स्थिति देखी. उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति और भवन के पूरा होने की तय समय-सीमा की जानकारी ली. कार्यकताओं से चर्चा कर पोषण आहार वितरण और केंद्र की दैनिक व्यवस्थाओं का हाल जाना.

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य सेवाओं की परख

कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) का निरीक्षण किया। दवाओं के रखरखाव पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में एक्सपायरी डेट की दवाओं का वितरण न हो। उन्होंने कहा कि एक ही परिसर में आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्र का होना एक बेहतरीन समन्वय है। दोनों विभाग मिलकर काम करें ताकि गर्भवती महिलाओं, बच्चों और ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य व पोषण सेवाएं मिल सकें।

## सराना में 37 .50 लाख के अत्याधुनिक पंचायत भवन का लोकार्पण

**नरसिंहगढ़.** ग्राम पंचायत सराना में शुक्रवार को 37 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण विधायक मोहन शर्मा ने किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंचायत भवन केवल प्रशासनिक गतिविधियों का केंद्र नहीं होगा, बल्कि ग्राम विकास और जनसुविधाओं को नई गति देने का माध्यम भी बनेगा. विधायक शर्मा ने बताया कि नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 25 नए पंचायत भवनों के निर्माण को स्वीकृति मिली है. इनमें पालखेड़ी के बाद सराना पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया है. सभी भवन 37.50 लाख रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे हैं.

# फर्जी हस्ताक्षर कर नौकरी ज्वाइन करने पहुंचे दो युवक

**ग्वालियर- जिले में स्वास्थ्य विभाग में नौकरी पाने का एक अनोखा और फर्जी मामला सामने आया है. जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में दो युवक फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर पहुंच गए. सीएमएचओ के हस्ताक्षर की नकल कर तैयार किए गए इस पत्र को देखकर अधिकारी भी दंग रह गए.**

विरोध करने पर युवकों ने कार्यालय में हंगामा और विवाद शुरू कर दिया, जिसके बाद पुलिस को बुलाकर दोनों को सौंप दिया गया. पुलिस अब इस पूरे रैकेट का पर्दाफाश करने के लिए उस %संतोष% नामक युवक की तलाश और उसकी जानकारी जुटाने में जुट गई है.

### दफ्तर पहुंचे युवक,शक के घेरे में हस्ताक्षर

ग्वालियर जिला शिक्षा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में दो युवक अपनी नौकरी का नियुक्ति पत्र हाथ में लेकर पहुंचे. युवकों ने सीएमएचओ से मुलाकात कर उन्हें पत्र सौंपा और अपनी ज्वाइनिंग की बात कही. जब सीएमएचओ ने पत्र को हाथ में लेकर गौर से देखा, तो उस पर किए गए हस्ताक्षर उनके खुद के नाम से मिलते-जुलते थे, लेकिन वे असली नहीं थे. सीएमएचओ ने तुरंत युवकों को स्पष्ट किया कि यह हस्ताक्षर बिल्कुल मेरे जैसे जरूर हैं, लेकिन मेरे नहीं हैं. मेरे कार्यालय से आपके लिए ऐसा कोई पत्र जारी नहीं किया गया है और न ही मैंने इस पर हस्ताक्षर किए हैं.

### कार्यालय में हंगामा,विवाद और पुलिस कार्रवाई

फर्जीवाड़ा पकड़े जाने पर दोनों युवक अपनी गलती मानने के बजाय सीएमएचओ कार्यालय में ही विवाद करने लगे. स्थिति बिगड़ती देख सीएमएचओ कार्यालय ने तुरंत थाटीपुर थाना पुलिस को सूचना देकर दोनो को पुलिस के सुपुर्द कर दिया. मौके पर पहुंची पुलिस दोनों युवकों को अपने साथ लेकर थाने पहुंची और उनसे पूछताछ की.

### इनका कहना है...

थाटीपुर थाना प्रभारी विपेंद्र सिंह चौहान ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों युवकों के पास से फर्जी हस्ताक्षर वाला नियुक्ति पत्र बरामद कर लिया गया है. दोनों युवकों से कड़ाई से पूछताछ की गई. एक लड़का संतोष शिवपुरी का है दूसरे का नाम शिशुपाल है, पूछताछ में युवकों ने खुलासा किया कि उन्हें यह फर्जी नियुक्ति पत्र कैलारस के 'संतोष भारतीय' नामक एक अन्य युवक ने दिया था. मुख्य सरगना की जानकारी सामने आते ही इस मामले में आगे की सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# ससुराल में मिला महिला का जला हुआ शव

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 07 अगस्त, का. जिले में एक 22 साल की विवाहित का ससुराल में जला हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई. महिला के शरीर के अधिकांश कपड़े जल चुके थे और कुछ जले हुए कपड़े शरीर से चिपक गये थे.**

उसके पैरों में चांदी के कड़े और आंवले पहने मिले. शव के पास डीजल की प्लास्टिक की केन रखी मिली. मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या कर शव जलाने का आरोप लगाया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के अनुसार मामला जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र के अटेपुर गांव में शुक्रवार सुबह सामने आया. मृतका नानूबाई (22) निवासी उदियापुरा की शादी करीब तीन वर्ष पहले अटेपुर निवासी जगदीश तंवर से हुई थी. 4 महीने पहले ही उसका ससुराल आना जाना शुरू हुआ था, शुरुआती समय से ही दोनों के बीच विवाद की बातें सामने आती रही हैं. घटना के एक दिन पहले ही रोटी जलने की बात को लेकर पति ने जली हुई रोटी का फोटो व्हाट्सएप पर भेजकर उनकी बेटी को अपमानित किया था और विवाद किया था.

# बस किराये में बढ़ोतरी से यात्रियों में नाराजगी

नवभारत न्यूज

**हरपालपुर, 7 अगस्त. बस किराये में भारी बढ़ोतरी ने आम यात्रियों में नाराजगी हैं.मप्र प्रायवेट बस संचालकों द्वारा गुरुवार से बढ़ा हुआ किराया वसूलना शरू कर दिया है.**




नई किराया दरों के लागू होते ही यात्रियों की जेब पर सीधा असर पड़ा है. रोजाना सफर करने वाले लोग इस बढ़ोतरी से प्रभावित हो रहे हैं. किराया बढ़ोतरी से छात्र, व्यापारी, अप डाउन करने वालों में असंतोष है.शुक्रवार सुबह बस स्टैंड और बसों में किराये को लेकर यात्रियों और बस कर्मचारियों के बीच बहस देखने को मिली. बसों का 1:25 रुपये किलोमीटर निर्धारित था,अब बढ़कर 2 रुपए प्रति किलोमीटर हो गया है. नई दरों के तहत प्राइवेट बस में हरपालपुर से छतरपुर का किराया पहले 70 से 80 रुपये था,अब 100 रुपये कर दिया गया है.

हरपालपुर से नौगांव का किराया 30 और 40 रुपये से बढ़कर 50 रुपये और रीवा का किराया पहले 280 रुपये था,अब 360 रुपये हो गया है. जबकि एमपी रोड पर संचालित यूपी राठ रोडवेज बसों ने किराये में कोई बढ़ोतरी नहीं की है. नौगांव का किराया 40 रुपये और छतरपुर का किराया 60 रुपये लिया जा रहा है. नागरिकों ने मुख्यमंत्री से बढ़ोतरी वापस लेने की मांग की है.

# कमिश्नर के सवालों से बचते नजर आए अधिकारी

नवभारत न्यूज

**मुंगावली. ग्वालियर कमिश्नर द्वारा मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत में बीड सरकार में शिविर लगाकर की गई. यह अभियान 7 अगस्त से शुरू हुआ है जो जनवरी तक चलेगा.**

अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा और सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चल रही है उनका लाभ हितग्राहियों को दिया जाएगा, मगर शुक्रवार को शिविर के पहले दिन ही कई कमियों देखने को मिली, जिससे यह अभियान आगामी समय में फैल होता नजर आएगा, क्योंकि जहां सरकार की मंशा है कि सभी पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ उठाए, मगर जब कार्यक्रम में कमिश्नर मनोज खत्री पहुंचे और उन्होंने एक-एक कर अधिकारी एवं कर्मचारियों से सवाल जबाव किए तो वह उनके सवालों का जवाब नहीं दे पाए और एक दूसरे की शक्ल देखते नजर आए. वही इस कार्यक्रम में लोगों की उदासीनता भी देखने को मिली प्रशासन की पोल उस समय खुल गई जब मंच से जिन पात्र हितग्राहियों का योजना लाभ दिया जाना था, तब वह हितग्राही मौके पर नहीं थे और पता किया तो उक्त हितग्राही धान की बुवाई करने गए थे.

## किसानों को फसल बीमा नहीं मिलने पर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

**सुठालिया.** सं. क्षेत्र के किसानों को वर्ष 2025 की फसल बीमा राशि अब तक नहीं मिलने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को स्थानीय बस स्टेंड तिराहे पर धरना-प्रदर्शन किया. उक्त आंदोलन में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए. धरने को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया ने कहा कि सरकार की लापरवाही और उदासीनता के कारण किसानों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसानों को बीमा राशि का भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा.

# पानी भरने पर दो गांवों में विवाद, 4 घायल

## वीरपुर और तुलसीपार गांव में हुई मारपीट

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 7 अगस्त. पीएचई विभाग की लापरवाही से अब भी कई गांव में वर्षा ऋतु में भी जल संकट बना हुआ है. पानी भरने को लेकर आए दिन कहीं ना कहीं विवाद हो रहे हैं जो मारपीट से थाने तक पहुंच गए. ऐसे दो मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है.**



पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम वीरपुर में शुक्रवार सुबह 10 बजे पेयजल संकट से जूझ रही एक 35 वर्षीय महिला पुष्पा बाई प्रजापति पति उदयभान प्रजापति सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने गई थी . पानी भरते समय महिला ने सटक (पाइप) लगाया तो आरोपी रमाकांत चौबे 30 वर्ष आया और उसे पानी भरने से मना किया तो महिला ने कहा कि उसके घर पर पानी नहीं है , भोजन बनाना है.लेकिन वो नहीं माना और अभद्र भाषा में बोलते हुए अपने हाथ में रखी लाठी से उस पर हमला कर करते हुए मारपीट कर दी. जिससे महिला को कमर, हाथ, पांव में चोटें आई है.

पुलिस ने आरोपी रमाकांत चौबे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. दूसरी घटना ग्राम तुलसीपार में घटित हुई मिहीलाल बंसल पिता शिब्बू बंसल अपनी दो बेटियों अंजली एवं पूनम को लेकर सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने गया था और नल पर जब वह पानी भरने लगा तो इतने में आरोपी ग्याप्रसाद कुशवाहा अपनी पत्नी नीमा कुशवाहा के साथ पानी भरने आया और कहने लगा अपने बर्तन हटाओ पहले हम लोग पानी भरेंगे तो हमने कहा कि हम पहले से पानी भर रहे हैं तो हमें भर लेने दो.

# शिक्षा के मंदिरों में बदहाली : कहीं पीने के पानी को तरस रहे नौनिहाल

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर. प्रदेश सरकार भले ही सरकारी स्कूलों में बेहतर सुविधाएं देने के नाम पर हर साल लाखों-करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही हो, लेकिन धरातल पर स्थानीय जिम्मेदारों की घोर अनदेखी के कारण हालात बेहद चिंताजनक हैं.**

जिले के कई शासकीय विद्यालयों में नौनिहाल या तो प्यास बुझाने के लिए भटकने को मजबूर हैं, या फिर जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण करने आ रहे हैं. शुक्रवार को जब नवभारत की टीम द्वारा शासकीय विद्यालयों की जमीनी हकीकत परखी गई, तो जिम्मेदार तंत्र की पोल खुलकर सामने आ गई, इन दो मामलों से समझे की जिम्मेदार अधिकारी किस तहर बच्चों की समस्या को अनदेखा कर अपने काम को लेकर कितने बेपरवाह है. शहर से लगभग 11 किलोमीटर दूर स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय तूमेन में बच्चे पीने के पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं. स्कूल परिसर में लगा एकमात्र हैंडपंप बीते 20 दिनों से बंद पड़ा है. शिक्षक पूरन शाक्य ने बताया कि हैंडपंप सुधरवाने के लिए पंचायत सरपंच से लेकर पीएचई विभाग तक मौखिक और लिखित शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी कोई सुध लेने नहीं आया. स्थिति यह है कि मासूम बच्चों को दूर से केन में पानी भरकर लाना पड़ रहा है, तब जाकर उनकी प्यास बुझ पाती है.

# अब तक बारिश के लिए तरस रहा है गुना जिला

## मकसूदनगढ़ सबसे आगे तो गुना मुख्यालय सबसे अधिक पीछे

नवभारत न्यूज

**गुना 7 अगस्त का. जिले में इस वर्ष मानसून अब तक अपेक्षित रफ्तार नहीं पकड़ पाया है. 7 अगस्त 2026 तक दर्ज वर्षा के आंकड़े बताते हैं कि जिले का कोई भी ब्लॉक पिछले वर्ष की समान अवधि के स्तर तक नहीं पहुंच सका है. हालांकि वर्तमान वर्ष की वर्षा के आधार पर मक्सूदनगढ़ सबसे आगे बना हुआ है, जबकि गुना तहसील सबसे पीछे है. दूसरी ओर, पिछले वर्ष की तुलना में सबसे अधिक गिरावट भी गुना में ही दर्ज की गई है.**



जिले में अब तक औसतन 457.7 मिमी वर्षा हुई है, जो सामान्य औसत वर्षा का 43.4 प्रतिशत है तथा पिछले वर्ष की समान अवधि से 709 मिमी कम है. वर्षा के इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि जिले के सभी ब्लॉकों में मानसून की रफ्तार पिछले वर्ष की अपेक्षा कमजोर रही है.

### किस तहसील के क्या हाल?

आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष सबसे अधिक 802 .2 मिमी वर्षा मक्सूदनगढ़ में दर्ज की गई है. इसके बाद कुंभराज में 696 मिमी, चाचौड़ा में 595 मिमी, राघौगढ़ में 375 मिमी, आरोन में 290 मिमी, बमोरी में 243 .6 मिमी तथा गुना में केवल 205 .8 मिमी वर्षा रिकॉर्ड हुई है. इस आधार पर वर्तमान वर्ष में मक्सूदनगढ़ जिले का सबसे अधिक वर्षा वाला ब्लॉक बनकर उभरा है, जबकि गुना सबसे पीछे चल रहा है.

# धान रोपाई से लौट रहे 18 मजदूरों से भरा ऑटो पलटा

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज/ सुल्तानगंज, 7 अगस्त. सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में धान रोपाई कर लौट रहे मजदूरों से भरा एक ऑटो पिपलिया-शाहपुर मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, ऑटो में 18 मजदूर सवार बताए जा रहे हैं. हादसा गुरुवार शाम पिपलिया-शाहपुर मार्ग पर हुआ.**

सूचना मिलते ही डायल-108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सुल्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद दो युवती एवं महिला एवं एक युवक की गंभीर हालत गंभीर होने के कारण को उन्हें सागर रेफर किया गया है. एसडीओपी कुंवरसिंह मुकाती ने बताया कि गुरुवार की शाम को प्रतिदिन की भांति मजदूर धान की रुपाई करके ऑटो क्र. एमपी 15 जेड 02379 में क्षमता से अधिक 18 मजदूर सवार होकर लौट रहे थे. तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया. जिसमें मजदूर नीचे दब गए. वहां से निकलने वाले अन्य वाहन चालकों ने रुककर ऑटो सीधा किया और मजदूरों को बाहर निकाला. डायल 112 को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घायलों को सुल्तानगंज अस्पताल पहुंचाया.

# छपते-छपते

## अमेरिकी सीनेट से 100% टैरिफ बिल पास, भारत समेत 5 देश दायरे में

**वॉशिंगटन, 7 अगस्त.** अमेरिकी सीनेट ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने से जुड़े एक विधेयक को 86-11 के बहुमत से पारित कर दिया है. इस विधेयक के दायरे में भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान को शामिल किया गया है. यह प्रस्ताव रिपब्लिकन और डेमोक्रेट, दोनों दलों के समर्थन से लाया गया. विधेयक का उद्देश्य रूस के ऊर्जा निर्यात से होने वाली आय को प्रभावित करना बताया गया है. यह विधेयक अभी कानून नहीं बना है. अगले चरण में इसे अमेरिकी संसद के निचले सदन, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स, में भेजा जाएगा. यदि वहां भी इसे मंजूरी मिलती है, तो इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा. राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद ही यह विधेयक कानून का रूप ले सकेगा. इस प्रस्ताव का प्रारंभिक मसौदा 23 जुलाई को पेश किया गया था. शुरुआती मसौदे में रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 500% तक टैरिफ लगाने का प्रावधान रखा गया था. बाद में संशोधन के बाद प्रस्तावित अधिकतम टैरिफ को घटाकर 100% कर दिया गया. उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, भारत ने जून 2026 में रूस से प्रतिदिन 26.1 लाख बैरल कच्चे तेल का आयात किया. यह देश के कुल कच्चे तेल आयात का 52.4 रहा. मई 2026 की तुलना में जून में रूस से तेल आयात में लगभग 39% की वृद्धि दर्ज की गई. रूस लगातार भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है.

## हेमंत सरकार से छात्रों की बैठक

**रांची, 7 अगस्त.** झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी छात्र आंदोलन के बीच शुक्रवार देर रात सरकार और प्रदर्शनकारी छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के बीच पहली औपचारिक वार्ता हुई. यह बैठक राज्य सरकार के राजकीय अतिथिशाला में आयोजित की गई, जहां सरकार की ओर से मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जबकि छात्रों की ओर से 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया. करीब एक घंटे तक चली इस बैठक के बाद मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि सरकार छात्रों की सभी मांगों को गंभीरता और सहानुभूतिपूर्वक सुन रही है. उन्होंने कहा कि बातचीत सकारात्मक माहौल में हुई और सरकार समाधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है.

## रूस ने दी क्रिप्टो भुगतान को मंजूरी

**मॉस्को, 7 अगस्त.** रूस ने विदेशी व्यापार में क्रिप्टो करेंसी के इस्तेमाल को कानूनी मंजूरी देने वाला नया कानून लागू किया है. इस फैसले के बाद रूस की कंपनियां तय नियमों के तहत कुछ अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक लेनदेन में डिजिटल करेंसी का उपयोग कर सकेंगी. यह व्यवस्था तभी लागू होगी, जब लेनदेन करने वाले दोनों पक्ष इस भुगतान प्रणाली पर सहमत हों. रूस का यह कदम ऐसे समय आया है, जब यूक्रेन युद्ध के बाद उस पर अमेरिका और यूरोपीय देशों की ओर से कई आर्थिक प्रतिबंध लागू हैं. इन प्रतिबंधों के कारण रूस लंबे समय से ऐसे वैकल्पिक भुगतान माध्यमों की तलाश कर रहा था, जिनसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार जारी रखा जा सके. नए कानून के तहत कुछ विदेशी व्यापारिक भुगतान डॉलर या पारंपरिक बैंकिंग प्रणाली के बजाय क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से भी किए जा सकेंगे.

## तेलंगाना हाई कोर्ट ने मुफ्त योजनाओं पर जताई चिंता

**हैदराबाद, 8 अगस्त.** तेलंगाना हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की मुफ्त और कल्याणकारी योजनाओं के खर्च पर चिंता व्यक्त की है. अदालत ने कहा कि यदि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक सीमित नहीं रहा, तो सरकारी खजाने पर लगातार दबाव बढ़ता जाएगा. यह टिप्पणी न्यायमूर्ति नागेश भीमपाका ने एक मामले की सुनवाई के दौरान की. फाइनेंस सेक्रेटरी संदीप कुमार सुल्तानिया के खिलाफ दायर अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया. सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा कि कई योजनाओं का लाभ ऐसे लोगों तक भी पहुंच रहा है, जो इसके लिए पात्र नहीं हैं. अदालत ने कहा कि सरकार के राजस्व का बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतन, पेंशन और कर्ज की अदायगी में खर्च हो जाता है. इसके बाद बचा हुआ धन विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किया जाता है. यदि लाभार्थियों की सही पहचान नहीं होगी, तो सरकारी वित्तीय संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ सकता है. सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागेश भीमपाका ने 'रायतू बंधु' योजना का भी उल्लेख किया. यह योजना किसानों को निवेश सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है. अदालत ने सवाल उठाया कि क्या आर्थिक रूप से संपन्न लोग भी इस योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं. न्यायालय ने कहा कि यदि ऐसा हो रहा है, तो पात्र और जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी तरीके से नहीं पहुंच पाएगा. अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि उसकी टिप्पणी किसी सरकार की आलोचना के उद्देश्य से नहीं है.

**उल्लेखनीय कार्य** — राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच तक पहुंचाया

# ब्रिटिश संसद को रंजीता ने साड़ी पहनकर किया संबोधित

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 7 अगस्त. राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर भारतीय हथकरघे की परंपरा और महिला अधिकारों की आवाज को वैश्विक मंच तक पहुंचाने वाली सामाजिक कार्यकर्ता रंजीता प्रियदर्शिनी एक प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आई हैं, जिन्होंने बेगमगंज तहसील के ग्राम तुलसीपार स्थित क्रिश्चियन मिशनरीज कान्वेंट भवन में निवासरत रहकर क्षेत्र में महिलाओं एवं किशोरियों के बीच उल्लेखनीय कार्य किए हैं और कार्य कर रही हैं.**



उन्होंने भारतीय हथकरघे की समृद्ध विरासत को अंतरराष्ट्रीय मंचों से जोड़ने के साथ महिला अधिकार, मासिक धर्म स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया है. रंजीता प्रियदर्शिनी ने सवेतन मासिक धर्म अवकाश के अभियान को संयुक्त राष्ट्र से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुत करते हुए कामकाजी महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और अधिकारों की वकालत की है.

हाल ही में ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में महिला अधिकारों और सवेतन मासिक धर्म अवकाश पर अपनी बात रखते समय उन्होंने करीब 50 वर्ष पुरानी संबलपुरी साड़ी धारण की. यह साड़ी महज एक परिधान नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चले आ रहे बुनकरों के हुनर, संस्कृति और विरासत की जीवंत पहचान बनकर वैश्विक मंच पर पहुंची. राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर रंजीता प्रियदर्शिनी की पहल देश के बुनकरों और महिलाओं के लिए यह संदेश देती है कि करघे से निकली भारतीय पहचान की डोर वैश्विक मंच तक पहुंच सकती है.

## 5 हजार आवारा कुत्तों की नपा करेगी धरपकड़

**सीहोर.** आवारा कुत्तों से परेशान शहरवासियों को अब राहत मिलने की उम्मीद है. नगर पालिका ने आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए 29 लाख रुपए की लागत से एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर बनाने की तैयारी शुरू कर दी है. ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास बनने वाले इस सेंटर में आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका बधियाकरण और टीकाकरण किया जाएगा. इसके बाद कुत्तों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत वापस छोड़ा जाएगा. एबीसी सेंटर तैयार होने तक नगर पालिका ने आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है. इसके लिए नपा ने आवश्यक दवाइयां और इंजेक्शन खरीदकर पशु चिकित्सा विभाग को उपलब्ध करा दिए हैं.